Date: 21.02.2026

फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का उठाया लाभ

प्रेमनगर स्थित उत्तरांचल मेडिकल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद एंड अनुसंधान की तरफ से फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया. यह कैंप उत्तरांचल हॉस्पिटल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर में लगाया गया, जहां लोगों को मुफ्त परामर्श और दवाइयों की सुविधा दी गई. कैंप में स्त्री रोग, शिशु रोग, त्वचा, नेत्र, कान-नाक-गला, दर्द प्रबंधन, पेट से जुड़ी समस्याएं, और जीवनशैली विकार के लिए एक्सपर्ट डॉक्टर मौजूद रहे. 60 से ज्यादा मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराकर जांच और इलाज का लाभ उठाया. डॉक्टर्स की टीम में डॉ. ज्योति एम. गनेर, डॉ. सतविंदर, डॉ. कोमल धीमान, डॉ. रूपाली पुरोहित, डॉ. छवि, डॉ. शिवानी कलौनी, डॉ. अक्षत, डॉ. कंचना, डॉ. ज्योति और डॉ. प्रियंका सहित अन्य स्टाफ शामिल रहा. कैंप का मकसद आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुसार मौसम बदलने के समय होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में जागरूक करना था. यह कार्यक्रम डॉ. अमित भट्ट और डॉ. विभूति चंद्राकर के मार्गदर्शन में सफल रहा.